कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बागपत।

संख्या 226

दिनाँक : 14 दिसम्बर, 2015

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय बागपत परिसर में निष्प्रयोज्य सामान जैसे फोटोस्टेट टोनर, रोलर, ड्रम, एगजास्ट फेन, गीजर, कपडे वाली आराम कुर्सी, फोर सीटर कुर्सी, लोहे की कुर्सी, लकडी मेज, लकडी अल्मारी, स्टील मेज, टुल्लू पम्प, रैक तीन खाने वाली, छोटी अल्मारी, कुशन कुर्सी, हैलोजन, स्टील कुर्सी, लकडी कुर्सी, स्टेबलाइजर, दो सीटर प्लास्टिक कुर्सी, तीन सीटर प्लास्टिक कुर्सी, कूलर, चेन्जर, कूलर पखा, कूलर स्टेण्ड, बुक सैल्फ, रियाल्विग कुर्सी, घास काटने वाली मशीन पी0आर0 कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, पाँच लकडी बेंच, स्टूल प्लास्टिक, स्टील मेज, छ: खाने वाली रैक, लकडी रैक दो खाना, स्टूल लोहा, कूलजग, स्टील बेंच, टेबिल फैन आदि (जहाँ है, जिस अवस्था मे है) की नीलामी दिनाँक 05/01/2016 को साय 1:30 बजे जनपद न्यायालय के सम्मेलन/सभागार कक्ष में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष की जायेगी। जिस व्यक्ति को उक्त नीलामी मे भाग लेना हो, वह उक्त समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी मे भाग ले सकते है। नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति सामानो का निरीक्षण किसी भी कार्यालय दिवस व अवधि मे केन्द्रीय नजारत कार्यालय मे कर सकते है।

नीलामी बोली मे भाग लेने वाले प्रत्येक बोली दाता को बोली से पूर्व रू0 5,000/- (रू0 पाँच हजार मात्र) दिनाक 04/01/2016 तक जमानत के रूप मे जमा करना होगा। उक्त तिथि के पश्चात कोई जमानत राशि स्वीकार नही की जायेगी। नीलामी सबसे अधिक बोली पर समाप्त की जायेगी। बोली दाता को नीलाम हुए सभी सामानो को 03 दिन के अन्दर उठा लेना होगा। नीलामी की अन्तिम स्वीकृति जिला जज, बागपत द्वारा दी जायेगी। माननीय जिला जज महोदय को बिना कोई कारण बताये नीलामी निरस्त करने तथा अन्य कोई निर्णय लिये जाने का अधिकार सुरक्षित होगा। पूर्व की सभी शर्ते यथावत रहेगी।

लकी	मुकेश कुमार सिह,	पीयूष पाण्डेय,
सदस्य	सदस्य	अध्यक्ष,
नीलाम समिति	नीलाम समिति,	नीलाम समिति,
जनपद न्यायालय, बागपत।	जनपद न्यायालय, बागपत।	जनपद न्यायालय, बागपत।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय जनपद न्यायाधीश, बागपत।
2. केन्द्रीय नजारत अनुभाग, बागपत।
3. स्थानीय समाचार पत्र मे प्रकाशन हेतु।
4. केन्द्रीय नाजिर को विभिन्न नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट http://www.allahabadhighcourt.in पर।

(पीयूष पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नीलाम समिति,
जनपद न्यायालय, बागपत।